<u>संदेश</u>

शिक्षक दिवस के अवसर पर, मैं देश के सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। यह दिवस महान शिक्षाविद्, दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस भी है, जो समस्त देश के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

बच्चे देश का भविष्य हैं। विद्यार्थी के रूप में वे जीवन-कौशल और मूल्य सीखते हैं। शिक्षक, एक मार्गदर्शक के रूप में, विद्यार्थियों को भविष्य के ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में ढाल सकते हैं जो हमारे देश की नियति को आकार दे सकें।

शिक्षकों का अति महत्वपूर्ण कार्य भावी पीढ़ी का मानसिक पोषण और मार्गदर्शन कर उन्हें समग्र रूप से उत्कृष्ट बनाना है। शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे छात्रों में नैतिक मूल्य, समालोचनात्मक दृष्टि-कौशल और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की परिकल्पना के अनुसार शिक्षा प्रदान करने के आधुनिक तरीकों और प्रौद्योगिकी के पूरे-पूरे उपयोग के माध्यम से, शिक्षक छात्रों को एक उपयोगी जीवन जीने और एक विकसित राष्ट्र का निर्माण करने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

मैं, एक बार फिर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देती हूं और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम एक प्रबुद्ध छात्र समुदाय के निर्माण के उनके प्रयास में सफलता की कामना करती हूं।

****